जैव विविधता को लेकर प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

परवाहा. रानीगंज प्रखंड क्षेत्र के हसनपुर स्थित वृक्ष वाटिका में बुधवार को जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों का क्षमता विकास के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन वन प्रमंडल अररिया ने किया. इस प्रशिक्षण कार्यशाला शिविर में रानीगंज, नरपतगंज, भरगामा, फारबिसगंज प्रखंड के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य व ग्रामीणों सहित कुल 80 लोगों ने भाग लिया. कार्यक्रम का उद्घाटन जैव विविधता पटना के संयुक्त सचिव हेमकांत राय व जैव विविधता पटना के उप निदेशक मिहिर कुमार झा ने संयुक्त रूप से किया. प्रशिक्षण शिविर में फारबिसगंज रेंजर दिनेश प्रसाद यादव व अररिया रेंजर राधेश्याम राय उपस्थित थे. कार्यशाला में जैव विविधता प्रबंधन व उसके संरक्षण के महत्वपूर्ण पहलुओं के संदर्भ में मार्गदर्शन दिया गया. साथ हीं जैव विविधता रजिस्टर के विषय में विस्तार से बताया गया. पंचायतों में प्राकृतिक महत्व के भूखंड व वास स्थल,झील ,नदी तट ,नदी खंड,विलक्षण किस्म के कृषि स्थल की जानकारी व संरक्षण के कार्य के बारे में बताया गया. कार्यशाला को संबोधित करते हुए संयुक्त सचिव हेमकांत राय ने कहा कि मानव जीवन का जैव विविधता एक अभिन्न अंग है. हम सभी की जिम्मेदारी है कि हमलोगों को जैव विविधता का संरक्षण को लेकर सतत प्रत्यनशील रहना चाहिए. नहीं तो आनेवाली मानव पीढ़ी को विषम संकटों को सामना करना पड़ सकता है. मौके पर वनरक्षी कुंदन कुमार सिंह, पिंटू कुमार, शिवम कुमार, नीतीश कुमार, अभिषेक कुमार, अरमान खान, सीजी संतोष, संतोष सुमन आदि मौजूद थे.